**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3163**
**(दिनांक 19.03.2026 को उत्तर के लिए)**

## प्रशिक्षण संस्थानों की रैंकिंग

**3163. श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय मानक (एनएससीएसटीआई) को एनएससीएसटीआई 2.0 से प्रतिस्थापित कर दिया गया है;
(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या एनएससीएसटीआई 1.0 के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया गया है;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) पिछले पाँच वर्षों के दौरान एसएससीएसटीआई के अंतर्गत प्रत्यायित सभी प्रशिक्षण संस्थानों की रैंकिंग का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(च) बेहतर एनएससीएसटीआई रेटिंग वाले संस्थानों को मिले लाभों का ब्यौरा क्या है; और
(छ) कम रैंकिंग वाले संस्थानों को उनकी रेटिंग सुधारने के लिए प्रदान किए गए सहयोग का संस्थान-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) से (छ) :** जी हाँ, राष्ट्रीय सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थान मानक (एनएससीएसटीआई) को संशोधित किया गया है और दिनांक 18.07.2025 को इसे एनएससीएसटीआई 2.0 के रूप में शुरू किया गया है। एनएससीएसटीआई का संशोधन, मिशन कर्मयोगी के उभरते हुए उद्देश्यों और निरंतर अधिगम को संस्थागत बनाने एवं योग्यता-आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने में सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों (सीएसटीआई) की कार्यनीतिक भूमिका के साथ अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए किया गया था।

एनएससीएसटीआई 1.0 के कार्यान्वयन की समीक्षा एक संरचित परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से की गई थी, जिसमें मौजूदा ढांचे के संबंध में विस्तृत फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रत्यायित सीएसटीआई के साथ एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित गई थी। समीक्षा के निष्कर्ष, इस ढांचे के पुनर्गठन और एनएससीएसटीआई 2.0 के तहत मूल्यांकन मेट्रिक्स को 59 से 43 तक युक्तिसंगत बनाने का आधार बने। मूल्यांकन मेट्रिक्स में पाठ्यक्रम डिजाइन, संकाय विकास, संसाधन और प्रशिक्षण लक्ष्य, डिजिटलीकरण और प्रशिक्षण प्रदायगी, प्रशिक्षण मूल्यांकन और गुणवत्ता आश्वासन, प्रशिक्षण संस्थान के अभिशासन और संचालन कार्यों जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। प्रशिक्षण संस्थानों को मूल्यांकन में उनके प्रदर्शन के अनुसार 1-स्टार से 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया जाता है। अब तक 205 प्रत्यायित संस्थानों में से, 19 को 4-स्टार या उससे ऊपर की रेटिंग मिली है। शेष संस्थानों की रेटिंग 3-स्टार या उससे कम की है।

एनएससीएसटीआई प्रत्यायित संस्थानों को उनकी अच्छी कार्यप्रणाली के लिए जाना जाता है और वे अन्य संस्थानों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर सकते हैं।

सभी सीएसटीआई को अंतराल विश्लेषण पर आधारित गुणवत्ता सुधार योजना (क्यूआईपी); उच्च-रेटिंग प्राप्त संस्थानों से मेंटरशिप; आईगॉट पर ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम जैसे संकाय विकास कार्यक्रमों; अभिशासन प्रक्रियाओं, प्रशिक्षण पद्धतियों में सुधार हेतु मार्गदर्शन और डिजिटल सामग्री निर्माण के माध्यम से सुव्यवस्थित सहायता प्राप्त होती है।

*****